कार्यालय प्राचार्य शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय, इन्दौर

जी.ए.सी.सी. परिसर, भॅंवरकुॅंआ चौराहा, ए.बी.रोड़, इन्दौर

दिनांक : 09/01/2021

रिपोर्ट

आज दिनांक 09.01.2021 को शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय, इन्दौर द्वारा **अधीनस्थ न्यायालयों में विचारण** की प्रक्रिया एवं **आर्ट ऑफ लिविंग** विषय पर **स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन** के अन्तर्गत वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में **मो. अकरम शेख डी.पी.ओ. जिला न्यायालय, इन्दौर** और द्वितीय मुख्य वक्ता के रूप में **प्रो. निरंजन सिंह पटेल** (आई.ओ.एस. एप्लीकेशन डेव्लपर, आर्ट ऑफ लिविंग फेकल्टी एण्ड योगा प्रशिक्षक) आमंत्रित थे । इस वेबीनार में महाविद्यालय के विभिन्न स्थानों पर उपस्थित 755 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता के रूप में **मो. अकरम शेख** सर ने सेशन कोर्ट में दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत सेशन न्यायालय में विचारण की प्रक्रिया के सैद्धान्तिक और प्रयोगात्मक परिपेक्ष्य सें विद्यार्थियों को अवगत कराया। जिसमें सर ने यह बताया कि सेशन कोर्ट में दो प्रकार के मामलों का विचारण होता है।

1. वे मामले जो मजिस्टेट ने धारा 209 के अधीन सेशन न्यायालय को सुपुर्द किये हो
2. वे मामले जिनका संज्ञान सेशन कोर्ट धारा 199 खण्ड 2 के अधीन लोक अभियोजन द्वारा दिये गये लिखित परिवाद पर किया जा सकता है । सर ने सेशन कोर्ट के विचारण की प्रक्रिया, जो दण्ड प्रक्रिया संहिता में धारा 225 से 237 तक वर्णित है, को विस्तृत रूप से विद्यार्थियों को समझाया । मजिस्टेट वारण्ट मामलों के विचारण की प्रक्रिया जो धारा 238 से 250 तक वर्णित है, उसके सम्बन्ध में विस्तृत व्याख्यान दिया ।

.... 2 पर

द्वितीय मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमान निरंजन सिंह पटेल सर ने आर्ट ऑफ लिविंग के सम्बन्ध में विद्यार्थियों एवं अन्य श्रोतागण को विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की तथा उन्होनें अपने उदबोधन में बताया कि मेडीटेशन हमारे दैनिक जीवन में मन एवं शरीर को स्वस्थ्य रखने में किस तरह उपयोगी है तथा साथ ही साथ उन्होनें यह भी बताया कि व्यक्ति के जीवन में शान्ति एवं स्थायित्व होना उसके स्वतन्त्र विचार उत्पन्न होने का मूल कारण है, अन्त में उन्होनें विद्यार्थियों की सफलता का राज **योगा** को बताया क्योकि योगा से ही स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मस्तिष्क का निर्माण होता है, जिससे विद्यार्थियों में स्वस्थ्य विचार उत्पन्न होते है ।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इनामुर्रहमान सर मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा आयोजित प्राचार्य प्रशिक्षण में उपस्थित होने के कारण सम्मिलित नही हो पाये।

कार्यक्रम के अंत में **प्रोफेसर विपिन कुमार मिश्रा** द्वारा आभार व्यक्त किया गया। जिसमें इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के टी.पी.ओ. **प्रो. श्वेता जैन,** सहायक टी.पी.ओ. प्रो. सुहैल अहमद वाणी का महत्वपूर्ण योगदान रहा । कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एलएल.एम प्रिवियस के विद्यार्थी आदित्य श्रीवास्तव एवं बी.बी.ए. एलएल.बी चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थी प्रज्जवल काले द्वारा किया गया ।

डॉ. ईनामुर्रहमान
प्राचार्य
शा. नवीन विधि महाविद्यालय, इन्दौर